No. of Printed Pages : **6**

**ECO-2**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

09163

## June, 2014

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE

## ECO-2 : ACCOUNTANCY-I

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks : **50***

*Weightage : **70%***

---

***Note :*** *Attempt **any four** questions, including question no. 1 which is **compulsory**.*

---

**1.** Attempt **any two** questions from the following : 7+7

(a) What are the advantages of accounting ?

(b) Distinguish between Capital Expenditure and Revenue Expenditure with examples.

(c) Make a clear distinction between 'Sale' and 'Goods Sent on Consignment'.

(d) What is Single Entry System of Book-keeping ? How has Double Entry System removed its limitations ?

**2.** (a) What are the Rules for recording business transactions in Journal ? 6+6

(b) Pass the Journal Entries for the following :

(i) Credit sales to Sahil, 15,000.

(ii) Cash received from Sahil in full settlement of his account, Rs. 14,750.

(iii) Office rent due 5,000; paid only Rs. 3,000.

(iv) Loss of stock by fire, Rs. 8,500.

3. (a) What are the differences between 'Receipts and Payments Account' and 'Income and Expenditure Account' ? 6+6

(b) Make a distinction between Provisions and Reserves.

4. From the following Ledger balances and adjoining information, you are required to prepare a Trading and Profit and Loss Account for the year ended on 31st March 2012 and the Balance Sheet as on that date. 12

| Particulars | Dr. | Cr. |
|---|---|---|
| Opening Stock | 40000 | - |
| Purchases | 4,10,000 | - |
| Sales | - | 4,29,000 |
| Purchases Returns | - | 1,250 |
| Sales Returns | 2,500 | - |
| Carriage Inward | 1,500 | - |
| Carriage Outward | 2,500 | - |
| Bank Overdraft | - | 21,000 |
| Cash | 4,000 | - |
| Capital | - | 1,27,750 |
| Sundry Creditors | - | 37,500 |
| Loans | - | 41,375 |
| Investments | 10,000 | - |
| Accrued Incomes | 600 | - |
| Machinery | 47,500 | - |
| Drawings | 10,000 | - |
| Wages | 11,000 | - |
| Salaries | 7,300 | - |
| Outstanding Expenses | - | 1,000 |
| Prepaid Expenses | 750 | - |
| Postage | 900 | - |
| Discount Received | - | 375 |
| Discount Allowed | 1,000 | - |
| Bad Debts | 750 | - |
| Debtors | 1,00,000 | - |
| Interest Paid | 3,500 | - |
| Interest Received | - | 300 |
| Provision for Bad debts | - | 1,750 |
| Furniture and Fixtures | 7,500 | - |
| | **6,61,300** | **6,61,300** |

**Other Information :**

| | | |
|---|---|---|
| (a) | Unsold Stock | 1,10,000 |
| (b) | Depreciate Machinery by | 10% |
| (c) | Tax Payable | 7,500 |
| (d) | Accrued Interest on Investment | 1,200 |

5. Pass the necessary Journal entries for the rectification of following accounting errors : **12**

   (a) Purchase of LCD Projector debited to Purchase Account Rs. 50,000.

   (b) Credit Sales of 720 recorded in Sales Journal as Rs. 270.

   (c) Credit Sales of 1,500 rupees to Sameer was omitted from being recorded in books.

   (d) Sameer had paid Rs. 1,000 but it was credited to Rahim's account.

   (e) Discount Allowed column of Cash Book was overcast by Rs. 75.

   (f) Sales Book was under cast by Rs. 550.

6. Prepare Machinery Account for the years 2007 to 2011. **12**

   On 30th June 2007, a business man purchased machinery for Rs. 10,000 and spent on its installation Rs. 1000. It charged depreciation @ 10% annually according to Fixed Instalual method of charging depreciation. On 30-6-2009, he added another machinery costing Rs. 8,000. On 30-6-2011, the machinery purchased on 30-6-2007 was sold for Rs. 5,000.

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2014

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-2 : लेखाविधि-I

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

*कुल का : 70%*

---

**नोट :** ***किन्हीं चार*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें प्रश्न संख्या 1 शामिल हो क्योंकि यह* ***अनिवार्य*** *है।*

---

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 7+7
   - (a) लेखांकन के क्या लाभ हैं?
   - (b) पूँजीगत व्यय तथा आयगत व्यय में उदाहरण सहित अंतर बताइए।
   - (c) 'विक्रय' तथा 'प्रेषण पर भेजे गए माल' में भेद कीजिए।
   - (d) लेखाकरण की इकहरी लेखा प्रणाली से क्या तात्पर्य है? दोहरी लेखा प्रणाली ने इसकी सीमाओं को कैसे दूर किया है?

2. (a) व्यावसायिक लेनदेनों को जर्नल में रिकार्ड करने के क्या नियम हैं? 6+6
   - (b) निम्नलिखित लेनदेनों की जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।
     - (i) साहिल को उधार माल बेचा 15,000
     - (ii) साहिल से हिसाब चुक्ता के रूप में प्राप्त हुए 14,750 रु.।
     - (iii) कार्यालय का किराया 5,000 रु, देना है जिसमें से 3,000 का भुगतान किया।
     - (iv) आग द्वारा स्टॉक की हानि 8,500 रु.।

3. (a) प्राप्ति एवं भुगतान खाता तथा आय-व्यय खाता में क्या अंतर हैं? व्याख्या कीजिए। **6+6**

(b) प्रावधान तथा संचित राशि (reserves) में भेद कीजिए।

4. निम्नलिखित खाता बही शेषों तथा अन्य सूचनाओं के आधार पर व्यापार एवं लाभ-हानि खाता (31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए) तथा 31 मार्च, 2012 के लिए बैलेंस शीट बनाइए : **12**

| विवरण | डेबिट शेष | क्रेडिट शेष |
|---|---|---|
| प्रारम्भिक स्टॉक | 40,000 | - |
| क्रय | 4,10,000 | - |
| विक्रय | - | 4,29,000 |
| क्रय वापसी | - | 1,250 |
| विक्रय वापसी | 2,500 | - |
| आगत भाड़ा | 1,500 | - |
| निर्गत भाड़ा | 2,500 | - |
| बैंक ओवरड्राफ्ट | - | 21,000 |
| रोकड़ शेष | 4,000 | - |
| पूँजी | - | 1,27,750 |
| विविध लेनदार | - | 37,500 |
| ऋण | - | 41,375 |
| निवेश | 10,000 | - |
| उपार्जित (accrued) आय | 600 | - |
| मशीनरी | 47,500 | - |
| आहरण (drawings) | 10,000 | - |
| मजदूरी | 11,000 | - |
| वेतन | 7,300 | |
| अदत्त व्यय | - | 1,000 |
| पूर्वदत्त व्यय | 750 | - |
| डाक व्यय | 900 | - |
| प्राप्त कटौती | - | 375 |
| दी गई कटौती | 1,000 | - |
| डूबत ऋण | 750 | - |
| देनदार | 1,00,000 | - |
| दिया गया ब्याज | 3,500 | - |
| प्राप्त हुआ ब्याज | - | 300 |
| डूबत ऋण के लिए प्रावधान | - | 1,750 |
| फर्नीचर व फिक्सचर | 7,500 | - |
| | 6,61,300 | 6,61,300 |

**अन्य सूचनाएँ :**

| | | |
|---|---|---|
| (a) | अंतिम स्टॉक | 1,10,000 रु. |
| (b) | मशीनरी पर मूल्य ह्रास | 10% |
| (c) | देय कर | 7,500 रु. |
| (d) | विवेश पर उपार्जित ब्याज | 1,200 रु. |

**5.** निम्नलिखित अशुद्धियों के शोधन के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए : **12**

(a) एक एल.सी.डी. प्रोजेक्टर के क्रय को क्रय खाते में डेबिट किया गया 50,000 रु.।

(b) 720 रु. के उधार विक्रय को विक्रय जर्नल में 270 रु. दिखाया गया।

(c) समीर को 1,500 रु. का बेचा गया माल पुस्तकों में कहीं नहीं दिखाया गया।

(d) समीर ने 1,000 रु. का भुगतान किया परन्तु उसे रहीम के खाते में क्रेडिट किया गया।

(e) रोकड़ बही में दी गई कटौती का योग 75 रु. अधिक लगाया गया।

(f) विक्रय बही का योग 550 रु. कम लगाया गया।

**6.** 2007 से 2011 के वर्षों के लिए मशीनरी खाता तैयार कीजिए। **12**
30 जून, 2007 को एक व्यवसायी ने 10,000 रु. की एक मशीन खरीदी जिसे लगाने पर उसने 1,000 रु. व्यय किए। वह स्थाई किश्त विधि के आधार पर 10% प्रतिवर्ष की दर से मूल्यह्रास लगाता है। 30 जून, 2009 को उसने 8,000 रु. की एक और मशीन खरीदी। 30 जून, 2011 को उसने 30 जून, 2007 पर खरीदी हुई मशीन को 5,000 रु. में बेच दिया।

---